दिनांक 8 फरवरी 2023 **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

स्मार्ट कॉलोनी के रूप में विकसित होगा हुडको, इसके लिए कई कार्य हो चुके है प्रारंभ, हुडको की सड़कों का होगा डामरीकरण, विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर शुरू कराया काम

भिलाई नगर/ हुडको अब स्मार्ट कॉलोनी के रूप में विकसित होगा। स्मार्ट कॉलोनी के रूप में विकसित करने के लिए हर प्रकार की सुविधाएं यहां मुहैया कराए जाएंगे , हुडको में हेल्थ सेंटर भी खुलेगा। सीवरेज सिस्टम , खेल मैदान विकसित करने , वाटर एटीएम, उद्यानों का सौंदर्यीकरण , सड़क, पानी, बिजली, डोम शेड एवं पेवर ब्लॉक, मांगलिक भवन, मैदानों को विकसित करने जैसे कई कार्य हुडको में होंगे। इसमें से कई कार्यों की शुरुआत हो भी चुकी है। करोड़ों की लागत से बड़ा मांगलिक भवन बनाने का कार्य भी तेज गति से किया जा रहा है, धूल मुक्त बनाने के लिए सड़कों के किनारे विभिन्न क्षेत्रों में पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं , इसके अलावा कई सारी प्लानिंग हुडको के विकास के लिए तैयार है। सड़कों को सुधारने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में आज एक करोड़ की लागत से होने वाले डामरीकरण कार्य का विधायक देवेंद्र यादव व महापौर नीरज पाल एवं महापौर परिषद के सदस्य , राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी तथा लोक निर्माण प्रभारी एकांश बंछोर ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर भूमि पूजन किया तथा आज से डामरीकरण कार्य की शुरुआत कराई। विधायक देवेंद्र यादव ने भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि हुडको को स्मार्ट कॉलोनी के रूप में विकसित करने काम प्रारंभ हो चुका है। इसके विकास के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने कहा कि हुडको की छोटी-छोटी समस्याएं भी दूर हुई है , ऊर्जावान विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में हुडको में अनेकों कार्य हो रहे हैं , उन्होंने कहा कि श्री राम चौक का भी कायाकल्प किया जाएगा तथा इसे अत्यधिक आकर्षित बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पार्षद कोमल टंडन, जावेद खान, कुंती साहू, दानेश्वरी साहू, अरुण अग्रवाल, रवि शंकर सिंह, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई एवं बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी तथा हुडको निवासी मौजूद रहे।